Made for minds.

# आचार संहिता

## हमारे मूल्य. हमारा दृष्टिकोण. हमारे कदम.

# हमारे मूल्य जीवंत हैं





प्रिय साथियो,

डॉयचे वेले (डीडब्ल्यू) पहले से कहीं ज्यादा लोगों तक पहुंच रहा है और एक स्वतंत्र संस्थान के रूप में व्यापक विश्वसनीयता और प्रतिष्ठा अर्जित रहा है. हम लोगों तक जानकारी पहुंचाना चाहते हैं. खासकर वहां, जहां उन्हें सेंसरशिप और प्रोपेगैंडा का सामना करना पड़ रहा है और जहां अलग-अलग नजरियों की कमी है. ये वे जगहें हैं, जहां हम विवादास्पद रुख भी सामने रखते हैं.

## हम दुनियाभर में मुक्त जानकारी और अभिव्यक्ति की आजादी को बढ़ावा देते हैं.

डीडब्ल्यू में हम सबका एक साझा मकसद है. स्वतंत्रता, मानवाधिकारों और उच्च नैतिक मानकों की रक्षा, लोकतंत्र और कानून का शासन, दुनिया के प्रति खुला नजरिया, सहिष्णुता और पारदर्शिता. इसलिए हम हर तरह के भेदभाव को नकारते हैं. चाहे वह लैंगिक हो, नस्लीय हो या यहूदी-विरोधी हो. होलोकॉस्ट को लेकर जर्मनी की ऐतिहासिक जिम्मेदारी भी एक कारण है, जिसकी वजह से हम इस्राएल के अस्तित्व में रहने के अधिकार का समर्थन करते हैं.

हम इसी के लिए प्रतिबद्ध हैं. यह हमारी पत्रकारिता में भी झलकता है और डीडब्ल्यू अकादमी की विकास नीति से जुड़े प्रोजेक्ट और शैक्षणिक कार्यक्रमों में भी. साथ ही, 160 देशों के लोगों के बीच रोजमर्रा के संवाद में भी.

वैश्विक स्तर पर सक्रिय मीडिया संस्था के रूप में यूजर्स, प्रोजेक्ट और कारोबारी साझेदारों, समाज और पर्यावरण के प्रति हमारी खास जिम्मेदारी है. इस आचार संहिता में बताया गया है कि हम इसे आतंरिक और बाह्य रूप से कैसे देखते हैं.

जिन मूल्यों और सिद्धांतों, मानकों और मानदंडों को हम दुनियाभर में प्रचारित और प्रसारित करते हैं, उनका हम डीडब्ल्यू में और साझेदारों के साथ मिलकर काम करने के दौरान भी पालन करते हैं. हमारी आचार संहिता में इसे व्यक्त किया गया है.

एक व्यापक आचार संहिता के रूप में यह आचार संहिता हमें बाध्य करने वाले सिद्धांतों और आचरण के मानकों का संक्षिप्त संकलन है, जो हमारे रोजमर्रा के काम और एक-दूसरे से संवाद को निर्धारित करते हैं. हम जो भी करते हैं, उसमें कानून का पालन करना हमारा लिए बेहद जरूरी है. इसलिए यह आचार संहिता सुनिश्चित करती है कि हम अपनी सारी

गतिविधियां कानूनी तरीके से करेंगे. डीडब्ल्यू के सभी कर्मचारियों का आचरण विधि-संगत होगा और हमारी व्यापारिक नीतियां नैतिक रूप से आदर्श हैं.

इसके अलावा डीडब्ल्यू के नेतृत्व के मूल्य भी हैं, जो अब पूरे संस्थान पर लागू होते हैं. आचार संहिता जर्मनी और दुनियाभर में हमारी प्रतिष्ठा और सफलता को बनाए रखने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है. इसका मकसद डीडब्ल्यू के लक्ष्यों के लिए काम करने वाले सभी लोगों को इन सिद्धांतों और आतंरिक नियमों के महत्व और उनके पालन की अहमियत से अवगत कराना है. यह आचार संहिता डॉयचे वेले और इसकी सहायक कंपनियों के सभी कर्मचारियों के लिए बाध्यकारी है.

डीडब्ल्यू के कर्मचारी होने के नाते हम सभी आचार संहिता और इसमें दिए गए आचरण के दिशा-निर्देशों को मानने और इनके अनुकूल ही आचरण करने के लिए बाध्य हैं. यह संहिता संस्थान के प्रबंधकों और शीर्ष अधिकारियों पर विशेष रूप से लागू होती है, जो मुख्य रूप से डॉयचे वेले की कॉर्पोरेट संस्कृति को आकार देते हैं. प्रबंधक रोल मॉडल होते हैं. उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कर्मचारी आचार संहिता के बारे में जानें और समझें. उनके ऊपर यह अतिरिक्त जिम्मेदारी भी है कि वे किसी भी तरह के कानून को तोड़ने वाले या आचरण के दिशा-निर्देश या आचार संहिता के मूल सिद्धांतों के उल्लंघन के खिलाफ कार्रवाई करेंगे.

हम आचार संहिता के किसी भी तरह के उल्लंघन की जांच करेंगे, और विशेष रूप से श्रम कानूनों के संदर्भ में, जरूरी कदम उठाएंगे. दुनियाभर में अभिव्यक्ति और विचारों की आजादी की वकालत करने वाले प्रसारक के रूप में हमने डीडब्ल्यू के भीतर भी ऐसा माहौल बनाया है, जो तार्किक मतभेदों को स्वीकार और सहन करता है.

आपका,
**पेटर लिम्बुर्ग**
महानिदेशक

**“हम सब एक सामूहिक दृष्टिकोण साझा करते हैं.**

# आचार संहिता

आचार संहिता डीडब्ल्यू पर लागू होने वाले सभी कानूनों, सामूहिक सौदेबाजी के करारनामे और आंतरिक अधिनियमों पर आधारित है और इन्हीं को उद्धृत करती है. विशेष रूप से वे, जो डीडब्ल्यू की विवरण पुस्तिका में दिए हुए हैं. निस्संदेह आचरण के ये नियम और दिशा-निर्देश आचार संहिता के तहत भी लागू रहेंगे.

कर्मचारी होने के नाते हमसे यह अपेक्षा की जाती है कि हम इन नियमों से खुद को अवगत कराने की जिम्मेदारी लेंगे. अलग-अलग नियमों और अधिनियमों को लेकर सवाल मैनेजरों, कंप्लायंस अधिकारियों और संबंधित विभाग को भेजे जा सकते हैं.

# हम दूसरों से अलग कैसे हैं

## हमारी छवि – स्वतंत्र विचार वालों के लिए निष्पक्ष जानकारी

हमारा मिशन: एक निष्पक्ष जर्मन मीडिया संस्थान के तौर पर हम दुनियाभर में लोगों को न्यूज और जानकारी मुहैया कराते हैं, ताकि वे स्वतंत्र रूप से अपनी राय बना सकें.

हमारा मंत्र है 'मेड फॉर माइंडस'. अपने दर्शकों और साझेदारों के साथ संवाद में हम दुनियाभर के समीक्षात्मक सोच रखने वाले लोगों के लिए विश्वसनीय जानकारी के आधार पर नए दृष्टिकोण सामने रखते हैं. साथ ही, हम लोगों को सीखने के नए साधन नि:शल्कु उपलब्ध कराते हैं. हम उन्हें मुक्त और स्वतंत्र रूप से अपनी राय बनाने और उसे स्वतंत्र रूप से व्यक्त करने में मदद करते हैं और इस तरह खुले विचारों वाले लोकतांत्रिक समाजों को शक्ल देते हैं.

ये हमारे घोषित लक्ष्य हैं लेकिन इन्हें हासिल करने के लिए हमारा दृष्टिकोण भी उतना ही महत्वपूर्ण है. हमारे मूल्य स्पष्ट हैं, जिन्हें हम साझा करते हैं और हमें खुद से और जिस तरह हम एक-दूसरे से संवाद करते हैं, उससे स्पष्ट उम्मीदें हैं. ये हमारे सभी प्रोडक्ट और सेवाओं में साझे सूत्र की तरह मौजूद रहते हैं और हमारे रोजमर्रा के फैसलों और व्यवहार को तय करते हैं.

> “हम अपने विचारों को साझा करते हैं और अपनी बहुलता का इस्तेमाल आपसी कामयाबी के लिए करते हैं.

### स्वतंत्रता के लिए प्रतिबद्ध

स्वतंत्रता, लोकतंत्र और मानवाधिकार हमारी पत्रकारिता, विकास संदेश और प्रोफाइल की आधारशिलाएं हैं. हम स्वतंत्रता के मूल्यों की वकालत करते हैं और जहां कहीं भी हों, स्वतंत्र और स्पष्ट रुख अपनाते हैं. विशेष रूप से लैंगिक, नस्लीय और यहूदी-विरोध समेत हर तरह के भेदभाव के खिलाफ. जर्मनी के इतिहास की वजह से इस्राएल के प्रति हमारी विशेष बाध्यता है.

### खुला संवाद, विश्व स्तरीय नेटवर्क

लोगों के जीवन की सच्चाई और उनकी जरूरतें हमारी पत्रकारिता और डीडब्ल्यू अकादमी की सेवाओं के केंद्र में हैं. खुले विचारों के साथ और वैश्विक तथा क्षेत्रीय स्तर पर बेहतरीन नेटवर्क के साथ हम पूरी दुनिया के लोगों से संवाद स्थापित करते हैं. जब भी और जहां भी जरूरत पड़ती है, हमारे प्रोडक्ट और सेवाएं नए दृष्टिकोण पेश करते हैं. हम रचनात्मक आदान-प्रदान को बढ़ावा देते हैं और हमेशा और हर जगह लोगों का सम्मान करते हैं.

### गहन ज्ञान, विविध दृष्टिकोण

हमारी विविधता और दक्षता हमारी सबसे बड़ी पूंजी है. हम दुनिया को जिज्ञासा से देखते हैं. साहसिक नए रास्ते चुनते हैं. महत्वपूर्ण प्रश्न उठाते हैं और ठोस, स्वतंत्र उत्तर देते हैं. दुनियाभर के 160 से अधिक देशों से आई हमारी बहुभाषी टीमें हमारे दर्शकों और साझेदारों के साथ मिलकर उच्च गुणवत्ता और प्रासंगिकता वाला रोचक कंटेंट तैयार करती हैं. हम स्वतंत्र मीडिया तंत्रों के विकास को बढ़ावा देते हैं. सूचना तक पहुंच मुहैया कराते हैं और शिक्षा और स्वतंत्र पत्रकारिता के मानक बनाते हैं. हम अपने विचार साझा करते हैं और पारस्परिक सफलता के लिए अपनी विविधता का इस्तेमाल करते हैं.

ये मौलिक मूल्य हमारे आचरण के नियमों का आधार हैं, जो सार्थक सहयोग और पारस्परिक सम्मान सुनिश्चित करते हैं.

# नियमों और कानूनों का पालन

आचरण के दिशा-निर्देश देने वाली आचार संहिता डीडब्ल्यू के अंदर सामान्य आदान-प्रदान का नियमन करती है और हमारे रोजमर्रा के काम के लिए मूल्यों की प्रणाली की रूपरेखा देती है. यह हमारी पत्रकारिता का भी नियमन करती है. निस्संदेह आचार संहिता के तहत संबंधित कानून और कंपनी के विशेष नियम भी लागू हैं.

प्रबंधक और शीर्ष अधिकारी रोल मॉडल होते हैं और इस वजह से आचार संहिता के पालन में योगदान देने के लिए बाध्य हैं. डीडब्ल्यू अपने कर्मचारियों से अपेक्षा करता है कि वे निम्न बिंदुओं पर विशेष ध्यान देंगे. इनके उल्लंघन के नतीजे श्रम कानून के अनुकूल होंगे.

### जनरल इक्वल ट्रीटमेंट एक्ट के तहत भेदभाव पर प्रतिबंध (एजीजी)

एजीजी के तहत लैंगिक, नस्लीय और यहूदी-विरोधी भेदभाव और अन्य भेदभाव को सहन नहीं किया जाएगा. न हमारे आपसी आदान-प्रदान में और न हमारी सेवाओं में. हम किसी भी कर्मचारी, साझेदार या अपने काम के सिलसिले में संपर्क में आने वाले किसी भी व्यक्ति को यहूदी-विरोध या नस्लीय आधार पर या उनकी सजातीय विरासत, लिंग, धर्म, नजरिया, विकलांगता, उम्र या लैंगिक पहचान के आधार पर प्रतिकूल परिस्थिति में नहीं डालेंगे. हम डराने-धमकाने और यौन उत्पीड़न को कड़ाई से नकारते हैं.

व्यक्ति विशेष के खिलाफ अनादर और झूठे दावे फैलाना भी प्रतिबंधित है.

सजातीय या नस्लीय नफरत के लिए उकसाने या होलोकॉस्ट की तुलना करने या उसको नकारने को बिलकुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा.

## अभिव्यक्ति की आजादी की सीमाएं

हमें ज्ञात है कि हमारी अभिव्यक्ति की आजादी वहीं समाप्त हो जाती है, जब वह रेखा पार करके दादागिरी, डराने-धमकाने, यौन उत्पीड़न, झूठे दावे करना, लांछन लगाने और बदनामी करने जैसे मानहानिकारक आचरण में बदल जाती है.

हमें यह भी ज्ञात है कि अभिव्यक्ति की आजादी होलोकॉस्ट को नकारने और उसकी तुलना करने पर लागू नहीं है.

**“ भेदभाव बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, न हमारे आपसी लेनदेन में और न ही हमारी पेशकश में.**

कर्मचारियों के रूप में हम अपने सोशल मीडिया और अन्य प्रकाशनों के मूल और संरचना में पेशेवर और निजी परिपेक्ष्य में संयम बरतने के लिए बाध्य हैं. यह संयम डीडब्ल्यू के मूल्यों के प्रति हमारी जिम्मेदारी की वजह से जरूरी है. यह हमारे रोजगार के अनुबंधों में दिए गए नौकरी प्रदाता के रूप में डीडब्ल्यू के प्रति और दूसरे कर्मचारियों के प्रति लिहाज करने और निष्ठा रखने के कर्तव्य की वजह से भी जरूरी है. हमारी स्थिति और हमारी गतिविधियों के क्षेत्र को ध्यान में रखते हुए हम यह सुनिश्चित करने के लिए बाध्य हैं कि सार्वजनिक तौर पर हमारे काम के परे भी हमारा आचरण ऐसा रहे कि वह डीडब्ल्यू के अस्तित्व या जायज हितों पर बुरा असर न डाले. हम हमेशा और हर परिस्थिति में किसी भी तरह के भेदभाव- लैंगिक, नस्लीय या यहूदी-विरोधी टिप्पणी करने से दूर रहेंगे. इस तरह की टिप्पणियों का श्रम कानून की दृष्टि से असर हो सकता है, जिसमें बर्खास्तगी भी शामिल है.

कर्मचारियों के तौर पर हम मूलभूत कानूनों, सामूहिक अनुबंधों, डीडब्ल्यू के आंतरिक दिशा-निर्देशों और खासकर डीडब्ल्यू की विवरण पुस्तिका में परिभाषित नियमों से अवगत हैं, जो हमारे दायित्व क्षेत्र पर लागू होते हैं और हम उनका पालन करते हैं.

ये नियम आगे भी लागू रहेंगे और आचार संहिता के तहत किसी भी तरह से निरस्त नहीं होंगे.

# एक-दूसरे के साथ हमारा व्यवहार

### सम्मान

हम ईमानदार और सम्मानजनक तरीके से मिलकर काम करते हैं.
हम मूल, लिंग, धर्म या विकलांगता, उम्र, लैंगिक पहचान या यौन रुझान की परवाह किए बिना हर व्यक्ति का सम्मान करते हैं.
हम विभिन्न मतों को महत्व देते हैं.
हम कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करते हैं.
हम किसी भी रूप में सत्ता के दुरुपयोग को बर्दाश्त नहीं करेंगे.

“ हम खुले विचारों वाले और प्रामाणिक हैं.

### पारदर्शिता और सहयोग

हम जानकारी खुलकर और तुरंत साझा करते हैं.
हम स्थान, प्रबंधन और विभागों की सीमाओं से परे साथ मिलकर काम करते हैं.
हम नए विचारों और नई खोजों का समर्थन करते हैं. सम्मान, पारदर्शि-ता, सहयोग, विश्वास, निष्ठा, रचनात्मक फीडबैक देने की संस्कृति के साथ निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप नेतृत्व और कार्य संस्कृति हमारे काम की आधारशिलाए हैं.

### भरोसा

हम खुले विचारों वाले और प्रामाणिक हैं.
हम भरोसेमंद हैं और अपनी प्रतिबद्धताओं के प्रति निष्ठावान हैं.
हम काम का ऐसा माहौल बनाते हैं, जहां खुला संवाद और आलोचना-त्मक फीडबैक संभव है.

## रचनात्मक फीडबैक संस्कृति

हम काम के मौजूदा तरीकों की समीक्षा कर, नए दृष्टिकोणों की तलाश कर और अपने आचरण पर विचार करके रचनात्मक फीडबैक की संस्कृति बनाते हैं.

हम गलतियों को सुधार के अवसर के रूप में इस्तेमाल करते हैं.

हमें विश्वास है कि लोगों की सोच का विकास हो सकता है और वे अपनी सोच और अपने विचारों को बदल सकते हैं.

हम विवादों का प्रबंधन और समाधान करते हैं.

हम डीडब्ल्यू के प्रतिनिधियों, प्रबंधकों और कर्मचारियों के बारे में असत्य दावों को नहीं फैलाते हैं.

## निष्ठा

हम डीडब्ल्यू के मूल्यों और रणनीतियों को कायम रखते हैं.

हम परिवर्तन की प्रक्रियाओं की रचना में सक्रिय रूप से भाग लेते हैं.

हम ईमानदारी और निष्ठा के लिए प्रतिबद्ध हैं.

## लक्ष्य आधारित काम

हम डीडब्ल्यू के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए स्वतंत्र रूप से काम करते हैं.

हम नवीनता को प्रेरित और प्रोत्साहित करने के लिए नए विचारों का प्रयोग करते हैं.

हमारा लक्ष्य सफलता है.



# साझेदारों और तीसरे पक्षों के साथ

### बौद्धिक संपदा

हम तीसरे पक्षों की बौद्धिक संपदा का सम्मान और संबंधित कानूनों के तहत उसकी रक्षा करते हैं.

### हितों का टकराव

हम अपने व्यावसायिक फैसले डॉयचे वेले के हित में करते हैं. हम निजी हितों और रिश्तों से प्रभावित नहीं होते.
हम हितों के संभावित टकरावों को सक्रिय रूप से सार्वजनिक करते हैं.
हम सुनिश्चित करते हैं कि हमारे व्यावसायिक और प्रोजेक्ट पार्टनरों में हितों का कोई टकराव न हो.

### भ्रष्टाचार और फायदा पहुंचाना

हम भ्रष्टाचार के हर रूप को खारिज करते हैं और भ्रष्टाचार की संभावना से बचते हैं.
हम किसी भी प्रकार के पक्षपात, रिश्वतखोरी या अन्य प्रकार के व्यक्तिगत फायदों से दूर रहते हैं.

### व्यावसायिक साझेदारियां

हम व्यावसायिक साझेदारों को चुनते समय डीडब्ल्यू के मूल्यों के घोषणा पत्र का इस्तेमाल करते हैं.

**“हम अपने व्यावसा-यिक फैसले डॉयचे वेले के हित में करते हैं.**

### उपहार और दूसरे फायदे

हम ऐसे उपहारों, निमंत्रणों और (पत्रकारों को मिलने वाले) छूट को अस्वीकार करते हैं, जिनसे हमारी स्वतंत्रता पर सवाल उठे और जिनसे व्यावसायिक मामलों में हमारे निष्पक्ष फैसलों पर असर पड़े.

हम अन्य उपहारों, निमंत्रणों और फायदों को तब ही स्वीकार करते हैं, जब वे पूरी पारदर्शिता के साथ और लागू कानूनों और आतंरिक नियमों के अनुपालन के साथ दिए गए हों.

हम केवल उचित सीमाओं में ही उपहार और निमंत्रण देते हैं. क्या उचित है, यह मुख्य रूप से जर्मनी के दृष्टिकोण पर निर्भर करता है. हालांकि, दूसरे देशों के दृष्टिकोण को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए.

### खरीद और निविदा

हम संबंधित कानूनों और आतंरिक नियमों के तहत गुणवत्ता, किफायत और प्रतिस्पर्धा को ध्यान में रखते हुए उत्पाद, सेवाएं और प्रोडक्शन खरीदते हैं. खरीद के फैसले सप्लायर के निष्पक्ष रूप से जांचे जा सकने वाले उत्पादों और सेवाओं की गुणवत्ताओं के आधार पर लिए जाते हैं. प्रतिस्पर्धा के लिए हानिकारक समझौतों को अनुमति नहीं दी जाती.

নেয়া হয়। প্রতিযোগিতার জন্য ক্ষতিকর এমন কোনো চুক্তি অনুমোদিত হয় না।

# सूचना का प्रबंधन

## गोपनीयता

हम व्यावसायिक गोपनीयताओं और गोपनीय जानकारी के साथ सावधानी बरतते हैं. यह संपादकीय सामग्री के साथ-साथ ऐसी दूसरी सूचनाओं पर भी लागू होता है, जो सार्वजनिक किए जाने लायक नहीं हैं.

हम गोपनीय जानकारी, भले ही वह डिजिटल रूप में हो, केवल उन्हीं कर्मचारियों को मुहैया कराते हैं, जिन्हें इसकी जरूरत है.



### डाटा सुरक्षा

हम केवल जरूरी डाटा (डाटा इकोनॉमी) ही जमा करते हैं.

हम कानूनी मंजूरी के अनुरूप निजी डाटा के संचय, इस्तेमाल और प्रोसेसिंग में कड़ी गोपनीयता सुनिश्चित करते हैं और इस प्रकार डाटा को दुरुपयोग से बचाते हैं.

यह तय करते समय कि डाटा को कहां जमा करना है और उसे एन्क्रिप्ट करना है या नहीं, हम उसकी गोपनीयता का सम्मान करते हैं.

### IT और सूचना सुरक्षा

सिस्टम के साथ काम करते समय हम IT और सूचना सुरक्षा के नियमों का पालन करते हैं, ताकि इनका आंतरिक और बाहरी दुरुपयोग रोका जा सके.

हम डीडब्ल्यू की सूचना सुरक्षा प्रणाली को IT सिस्टम के लापरवाह इस्तेमाल से होने वाले खतरों से अवगत हैं और उन्हें ध्यान में रखते हुए काम करते हैं.



**“ हम डाटा के साथ जरूरी सावधानी से पेश आते हैं.**

# लोगों से

# हमारा संवाद




## “ हम ये स्पष्ट करते हैं कि हम निजी तौर पर पेश आ रहे हैं या डॉयचे वेले के कर्मचारी के तौर पर काम कर रहे हैं.

- हम संस्थान के रूप में डीडब्ल्यू के बारे में पत्रकारों या मीडिया कंपनियों के सवालों का व्यक्तिगत रूप से जवाब नहीं देते, बल्कि उन्हें कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन विभाग के पास भेजते हैं जो सूचना के प्रबंधन के लिए जिम्मेदार है.
- हम हर संवाद में यह स्पष्ट करते हैं कि हम कोई काम निजी तौर पर कर रहे हैं या डॉयचे वेले के कर्मचारी के रूप में कर रहे हैं.
- हितों के संभावित टकराव से बचने के लिए हम प्रचार की संभावनाओं वाली बाहरी गतिविधियों में आतंरिक अनुमोदन प्रक्रिया के अनुरूप ही भाग लेते हैं.

# सुरक्षा और सस्टेनेबिलिटी के हमारे मानक

“हम टिकाऊ तरीके से बर्ताव करते हैं.




हम काम की जगह पर स्वास्थ्य और सुरक्षा के दिशा-निर्देशों का पालन करते हैं.

हम संकटग्रस्त क्षेत्रों में तैनाती के नियमों का पालन करते हैं.


हम सस्टेनेबल तरीके से बर्ताव करते हैं. खासकर उपलब्ध संसाधनों का इकोफ्रेंडली और किफायती इस्तेमाल करके और रिसाइक्लिंग को सुनिश्चित करके.

हम सुनिश्चित करते हैं कि हमारे काम का हमारे पार्टनरों पर कोई अवांछित नकारात्मक असर न हो.



# कंपनी की संपत्ति की सुरक्षा

हम अपने काम के उपकरणों और डॉयचे वेले की अन्य संपत्ति के इस्तेमाल में पूरी सावधानी बरतते हैं.
हम अपने काम के नतीजे डॉयचे वेले को उपलब्ध कराते हैं.
हम उपकरणों के इस्तेमाल में कुशलता और किफायत के सिद्धांतों का पालन करते हैं.



**“ हम कुशलता और किफायत के सिद्धांत का पालन करते हैं.**


DW
Made for minds.

# हमारे संपादकीय मानक और सिद्धांत

हम जनमत को प्रभावित करने वाले संस्थान के रूप में लोगों के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझते हैं और इसी के अनुरूप सावधानी बरतते हैं.

हम डीडब्ल्यू कानून और आचार संहिता के अनुसार अपने कर्तव्यों का पालन करते हैं.

हम संपादकीय और पत्रकारीय स्वतंत्रता के साथ काम करते हैं और किसी तीसरे पक्ष के हितों से प्रभावित नहीं होते हैं.

हम बहुलता और वैचारिक विविधता के रूप में अलग-अलग मतों का सम्मान करते हैं.

हम वस्तुपरक पत्रकारिता के सिद्धांतों का पालन करते हैं, पूरी सावधानी से रिसर्च करते हैं और संतुलित और सूचनात्मक रिपोर्टिंग करते हैं.

हम संपादकीय सामग्री और विज्ञापन को अलग-अलग रखने के नियमों का पालन करते हैं.

हम गोपनीयता का सम्मान करने और सूचनाओं, नजरिए और छवियों के सही इस्तेमाल के लिए प्रतिबद्ध हैं.

हम डीडब्ल्यू सोशल मीडिया दिशा-निर्देशों और प्रधान संपादक के पत्रकारिता संबंधी दिशा-निर्देशों का आदर करते हैं.



“ हम वस्तुपरक पत्रकारिता के सिद्धांतों का पालन करते हैं.

# आचार संहिता पर अमल के लिए दिशा-निर्देश

## डीडब्ल्यू आचार संहिता का उल्लंघन करने के परिणाम


अगर डीडब्ल्यू आचार संहिता का उल्लंघन होता है, तो डीडब्ल्यू स्पष्टीकरण देने और भविष्य में इस तरह की घटनाएं होने से रोकने के लिए कदम उठाएगा. इन कदमों के तहत सबसे पहले संबंधित कर्मचारी से बात की जाएगी, ताकि जिस नियम का उल्लंघन हुआ है, उसके संबंध में उनके आचरण में बदलाव लाने के उद्देश्य से उन्हें आचार संहिता की अहमियत समझाई जा सके. उल्लंघन की गंभीरता इस बात का फैसला करेगी कि श्रम कानून से संबंधित किन कदमों की जरूरत है और कौन से कदम उचित हैं. अगर जरूरत पड़ी, तो नौकरी या सेवा संबंध की असाधारण समाप्ति भी की जा सकती है.

## ये प्रश्न आचार संहिता का पालन करने में आपकी मदद कर सकते हैं

- क्या मैं प्रासंगिक कानूनी और संगठनात्मक नियमों को मान रहा/रही हूं?
- क्या मैंने किसी फैसले को लेकर उसमें शामिल दूसरे पक्षों से शुरू में ही और समय रहते संयोजन किया है?
- क्या मैं सिर्फ डॉयचे वेले के हित में और अपने निजी हित से स्वतंत्र होकर फैसला ले रहा हूं?
- मेरे फैसले का बाहरी असर क्या होगा? क्या फैसला तीसरे पक्षों के मूल्यांकन में खरा उतरेगा? क्या डीडब्ल्यू की प्रतिष्ठा बनी रहेगी?
- क्या मैं अपने फैसले को लेकर अपनी अंतरात्मा से सामंजस्य स्थापित कर पा रहा/रही हूं?

अगर आप ऊपर दिए गए सभी सवालों का जवाब स्पष्ट “हां” में दे पा रहे हैं, तो आपका फैसला डॉयचे वेले की आचार संहिता के अनुरूप होना चाहिए. लेकिन अगर आपको कोई संदेह है, तो नीचे बताए गए लोग आपकी मदद कर सकते हैं.

# अगर कोई सवाल है,
# तो इन लोगों से
# संपर्क कर सकते हैं



**अगर आचार संहिता के पालन से जुड़ा आपका कोई सवाल हो या आप कोई स्पष्टीकरण चाहते हों, तो आप सीनियर मैनेजमेंट या कम्प्लायंस ऑफिसर से संपर्क कर सकते हैं.**



## आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में इनसे संपर्क करें

आचार संहिता बाध्यकारी नियमों का एक ढांचा है, जो डॉयचे वेले के सभी कर्मचारियों पर लागू होता है. अगर आप हमारी कंपनी में इसका किसी भी तरह का उल्लंघन देखते हैं, तो सबसे पहले जरूरी है कि आप उस व्यक्ति से सीधे बात करें, जो आपके अनुसार गलत व्यवहार कर रहा है. अगर आपने खुद आचार संहिता के किसी उल्लंघन को महसूस किया है, तो हमसे संपर्क करें.

उल्लंघन किस प्रकार का है, इसे देखते हुए आप अपने मैनेजर या कंप्लायंस ऑफिसर को भी रिपोर्ट कर सकते हैं. कंप्लायंस ऑफिसर अनेली ग्रोएनिंगर:

compliance@dw.com
+49.228.429-2105

बेशक, आप अन्य संबंधित अधिकारि-यों से भी संपर्क कर सकते हैं. खासकर स्टाफ काउंसिल के प्रतिनिधियों से या फिर जरूरत पड़ने पर भ्रष्टाचार के मामलों की जांच या यौन उत्पीड़न से बचाव के लिए नियुक्त बाहरी अधिकारी से.

आप हर हाल में निश्चिंत रह सकते हैं कि आपकी शिकायत गोपनीय रखी जाएगी.

## उल्लंघन की स्थिति में डीडब्ल्यू द्वारा उठाए जाने वाले कदम

उल्लंघन की स्थिति में डीडब्ल्यू स्पष्टीकरण के लिए उपयुक्त कदम उठाएगा. इसके तहत सबसे पहले संबंधित कर्मचारी को बुलाकर आचार संहिता का मतलब समझाया जाएगा, ताकि संहिता में बताए गए नियमों के अनुरूप उनके व्यवहार में बदलाव लाया जा सके. हालांकि, यह संभव है कि संहिता के उल्लंघन की वजह से उपयुक्त नियमों और श्रम कानूनों के तहत कदम उठाए जा सकते हैं.

नवंबर 2022 | © DW